आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 123 ● कटनी ● रविवार, 5 जून, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-6 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज चैनल

DIGIANA NEWS 91

hathway 598

UCN NEWS HD 81



## अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक, नो फ्लाई जोन में घुसा विमान ; बाइडेन और उनकी पत्नी को सेफ हाउस भेजा

**एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। रेहोबोथ बीच इलाके में नो फ्लाई जोन में अचानक एक विमान घुस गया, जिसे देखते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। जो बाइडेन को उनकी पत्नी के साथ तुरंत सेफ हाउस में भेजा गया। व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस ने कहा- शनिवार को एक छोटा निजी हवाई जहाज राष्ट्रपति जो बाइडेन के डेलावेयर के वेकेशन होम के पास गलती से नो फ्लाई जोन में घुस आया था।

## पूर्व IAS सतीश चंद्र जम्मू-कश्मीर में लोक सेवा आयोग के चेयरमैन नियुक्त, 62 साल की उम्र तक देंगे सेवा



**एजेंसी।** रिटायर्ड IAS सतीश चंद्र को जम्मू-कश्मीर में लोक सेवा आयोग (छ्व्यक्क्स्ष्ट) का चेयरमैन बनाया गया है। वे 62 साल की उम्र तक अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनकी नियुक्ति पर मुहर लगाई है।

## वाराणसी बम धमाकों में आतंकी वलीउल्लाह दोषी करार



**एजेंसी।** 7 मार्च 2006 को वाराणसी में हुए सिलसिलेवार धमाकों में अदालत ने आतंकवादी वलीउल्लाह को दो मामलों में दोषी ठहराया, जबकि एक मामले में सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। सजा पर सुनवाई 6 जून को होगी। वलीउल्लाह प्रयागराज के फूलपुर स्थित नलकुप कॉलोनी का रहने वाला है। वाराणसी में पहला बम विस्फोट शाम 6.15 बजे संकटमोचन मंदिर में हुआ। 15 मिनट के बाद सुबह 6.30 बजे दशाश्वमेध घाट थाना क्षेत्र में जम्मू रेलवे गेट की रेलिंग के पास कुकर बम मिला। इसे पुलिस ने निष्क्रिय कर दिया था। पांच मिनट बाद शाम 6.35 बजे वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के विश्राम कक्ष के सामने धमाका हुआ. दोनों धमाकों में कुल 16 लोगों की मौत हो गई और 76 घायल हो गए। वाराणसी में अधिवक्ताओं ने वलीउल्लाह का प्रतिनिधित्व करने से इनकार कर दिया था। 24 दिसंबर 2006 को उच्च न्यायालय के आदेश पर मामले को सुनवाई के लिए गाजियाबाद स्थानांतरित कर दिया गया था।

## पूर्व सरपंचों को चुनाव लड़ने के अयोग्य घोषित करने पर रोक

**जबलपुर, यश भारत।** न्यायालय संभागायुक्त ने सीईओ जिला पंचायत मंडला के उन आदेशों पर अंतरिम रोक लगा दी जिसमें दो पूर्व सरपंचों को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित किया गया था। कमिश्नर कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत का मूल रिकार्ड तलब कर मामले पर अगली सुनवाई 21 जून को नियत की है। आरोप लगाया गया कि नियमानुसार ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार कलेक्टर को है, जबकि इन मामलों में सीईओ जिला पंचायत ने अधिकारिताविहीन आदेश पारित किया है। ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी की प्रधान रंगवती मरकाम और ग्राम पंचायत लालपुर के मदनलाल बरकड़े को अनियमितत के चलते सीईओ ने दो मई, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया। इसके बाद सीईओ ने 27 मई को दोनों के खिलाफ वसूली और छह साल के लिए चुनाव लड़ने से निर्हरता का आदेश जारी किया। रंगवती के एक मामले में पहले से स्थगन है, इसके बावजूद दोबारा कार्रवाई कर दी गई। दोनों पूर्व सरपंचों की ओर से अपील पर अधिवक्ता सुशील मिश्रा की ओर से कमिश्नर कोर्ट को बताया गया कि उक्त आदेश जारी करने से पहले पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 92 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

## ओडिशा में नई कैबिनेट की शपथ

# चुनाव से 21 महीने पहले नवीन पटनायक ने बदल दी आधी कैबिनेट

**एजेंसी। ओडिशा में विधानसभा चुनाव से 21 महीने पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आधी कैबिनेट बदल दी है। भुवनेश्वर के राजभवन में शपथ ग्रहण के दौरान 21 मंत्रियों ने शपथ ली, जिसमें 10 नए चेहरे थे। पिछले कैबिनेट में राज्यमंत्री रहे जगन्नाथ सरकार को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। ओडिशा में मार्च 2024 में विधानसभा का चुनाव होना है।**



### महिला मंत्रियों की संख्या बढ़ी

कैबिनेट में महिला चेहरे को तरजीह नवीन पटनायक ने नई कैबिनेट में महिला चेहरे को जगह दी है। पिछली कैबिनेट में सिर्फ 3 महिला मंत्री को जगह दी गई थी, जबकि नई कैबिनेट में महिला कोटे से 5 मंत्रियों को जगह मिली है। कैबिनेट विस्तार के बाद विभागों का बंटवारा होगा। 2019 में ओडिशा विधानसभा चुनाव के दौरान सबसे अधिक मार्जिन से जीतने वाली रीता साहु को भी मंत्री बनाया गया है। केसरी और जेना जैसे कद्दावर मंत्री हटे कैबिनेट विस्तार में पिछली सरकार में कद्दावर मंत्री रहे बिक्रम केसरी और प्रताप जेना को जगह नहीं मिली है। परफॉर्मेंस के आधार पर दोनों को हटाया गया है। केसरी के पास फॉरेस्ट और जेना पंचायती राज मंत्री थे। इसके अलावा हेल्थ मिनिस्टर रहे नबा किशोर दास को भी कैबिनेट में जगह नहीं मिली है।

### 2024 चुनाव पर है फोकस

माना जा रहा है कि पटनायक सरकार ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कैबिनेट विस्तार किया है। पटनायक पिछले 22 साल से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं।

### पॉलिटिक्स में पटनायक के हुए 25 साल पूरे

राजनीति में सीएम नवीन पटनायक के 25 साल पूरे हो गए हैं। अस्का लोकसभा क्षेत्र से 1997 को पहली बार वो सांसद चुने गए थे। उनके पिता बीजू पटनायक ओडिशा के फेमस नेता थे। पिता के न रहने के बाद उन्होंने बीजू जनता दल का गठन किया था और उसके बाद से लंबे समय से वो राज्य के सीएम हैं।



## बांग्लादेश में कंटेनर डिपो में भीषण आग

## अब तक 16 लोगों की मौत 450 से अधिक झुलसे

**एजेंसी।** दक्षिणपूर्वी बांग्लादेश में एक निजी कंटेनर डिपो में विस्फोट के कारण लगी भीषण आग में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई और 450 से अधिक लोग झुलस गए। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा बंदरगाह चटगांव से 40 किलोमीटर दूर सीताकुंडू में शनिवार रात एक कंटेनर में आग लगने से हुई ।पुलिस और दमकल कर्मियों सहित सैकड़ों लोग झुलस गएशनिवार की रात चटगांव के सीताकुंडा उपजिला के कदमरासुल इलाके में स्थित बीएम कंटेनर डिपो में आग लग गई। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, डिपो में आग लगने और उसके बाद हुए विस्फोटों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि पुलिस और दमकल कर्मियों सहित सैकड़ों लोग झुलस गए। इस घटना में 450 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कम से कम 350 सीएमसीएच में हैं। अस्पतालों में मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती हैचटगांव में स्वास्थ्य और सेवा विभाग के प्रमुख इस्ताकुल इस्लाम ने कहा कि अन्य अस्पतालों में मरने वालों की संख्या अधिक हो सकती है।

## हिरणों का शिकार

# दो हिरणों के अंग काटे

### चार को जहर दिया

**हरदा, एजेंसी।** खिरकिया तहसील के नीमसराय गांव में तीन नर काले हिरण और तीन मादा हिरणों का शिकार हुआ है। एक नर और एक मादा हिरण की मौत शुक्रवार रात तथा बाकी चार की मौत सुबह करीब 9-30 से दोपहर 12 के बीच हुई। इनमें से नर और मादा की मौत सींग और प्राइवेट पार्ट काटने के कारण तथा चार अन्य की मौत जहर खिलाने के कारण होना बताया जा रहा है। घटना गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर गिट्टी खदान के पास की है। हिरणों के शव को देर रात वन चौकी लालयाचापड़ ले जाया गया। इनका रविवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। जहां हिरणों के शव मिले हैं, वहां एक छोटा तालाब है। अधिकारियों को शक था कि ग्रामीणों ने मछली पकड़ने के लिए पानी में जहर मिलाया होगा, जिसे पीने से हिरणों की मौत हुई होगी। इस मामले में कुछ ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है। जहां शव मिले उसके पास एक छोटा तालाब था।प्रत्यक्षदर्शी नीम सराय निवासी ओमप्रकाश विश्नोई ने बताया कि 4 हिरणों की मौत उनकी आंख के सामने ही हुई, जबकि दो हिरण बीती रात में ही मर गए थे। उन्होंने खुद तड़पते हिरणों को पानी पिलाया, लेकिन कुछ देर बाद वह मर गए।।



## पीएम मोदी ने दिए मिट्टी बचाने के 5 मंत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व पर्यावरण दिवस 2022 के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिट्टी बचाओ पर आधारित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सदगुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, सद्गुरु और ईशा फाउंडेशन भी आज बधाई के पात्र हैं। मार्च में उनकी संस्था ने Save Soil अभियान की शुरुआत की थी। 27 देशों से होते हुए उनकी यात्रा आज 75वें दिन यहां पहुंची है। आज जब देश अपनी आजादी के 75वे वर्ष का पर्व मना रहा है, इस अमृतकाल में नए संकल्प ले रहा है। तो इस तरह के जनअभियान बहुत अहम हो जाते हैं।पीएम ने आगे कहा, मुझे संतोष है कि देश में पिछले 8 साल से जो योजनाएं चल रही है, सभी में किसी न किसी रूप से पर्यावरण संरक्षण का आग्रह है।



# 4270 नए केस, 15 की मौत

### देश में कोरोना की 3 माह की सबसे बड़ी उछाल

नई दिल्ली। कोरोना महामारी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है और इसके पलटवार की आशंका बनी हुई है। चीन और यूरोप के देशों में नए केस सामने आए हैं। भारत में भी हालात कुछ ठीक नहीं लग रहे हैं। ताजा खबर यह है कि बीते 24 घंटों में कोरोना मरीजों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। कुल मिलाकर 3 महीने में पहले सबसे ज्यादा केस सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 4,270 ताजा के साामने आए हैं और 15 मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ ही दैनिक सकारात्मकता दर 34 दिनों के बाद एक प्रतिशत से ऊपर दर्ज की गई है। मंत्रालय द्वारा जारी अनुसार, देश में दैनिक सकारात्मकता दर 1.03प्रतिशत है,



और साप्ताहिक सकारात्मकता दर 0.84प्रतिशत है। पिछले दिन की तुलना में दैनिक सकारात्मकता दर में अचानक 7प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। 11 मार्च के बाद यह पहला मौका है जब एक दिन में इतने नए मरीज आए हैं। इसको देश के कुछ हिस्सों में चौथी लहर की आशंका के रूप में देखा जा रहा है। महाराष्ट्र में एक बार फिर केस बढ़े हैं। यहां सरकार अलर्ट जारी कर चुकी है कि लोगों ने मास्क लगाने समेत अन्य नियमों का पालन नहीं किया तो लॉकडाउन जैसी पाबंदियां लगाई जा सकती है। महाराष्ट्र में शनिवार को 1,357 नए सामने सामने आए जबकि एक मरीज की मौत हुई।

## मासूम से ज्यादती करने वाला आरोपित कोर्ट में हाजिर

**ग्वालियर।** छह साल की मासूम से ज्यादती करने वाला आरोपित पूरी प्लानिंग के साथ शनिवार को कोर्ट में हाजिर हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। रविवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जाएगा।माधौगंज स्थित गुढ़ा-गुढ़ी का नाका इलाके में छह साल की बच्ची के साथ किरायेदार के रिश्तेदार ने ज्यादती की थी। आरोपित उसे टाफी के बहाने छत पर ले गया था। छत पर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। वह बच्ची को 24 घंटे तक धमकाता रहा, जब आरोपित लालू जादौन भाग गया, तब बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। उसकी मां उसे लेकर माधौगंज थाने पहुंची। माधौगंज पुलिस ने तत्काल दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया। इसके बाद से ही पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को आरोपित कोर्ट में हाजिर होने पहुंच गया।



## कार चोरी करने के बाद दो घंटे में बना देते थे कबाड़

**भोपाल, यश भारत।** राजधानी भोपाल में क्राइम ब्रांच ने चोर गिरोह को दबोचा है। आरोपी कार चोरी करने के बाद कबाड़ी को बेच देते थे, जो उसे काट कर कबाड़ बना देते थे। क्राइम ब्रांच ने 2 कार और 3 कटी कार के साथ 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। भोपाल क्राइम ब्रांच की टीम ने जिले के अलग-अलग स्थानों पर चार पहिया वाहन चोरी के मामले में दर्ज केस की तकनीकी एनालिसिस कर जांच शुरू की। जिसमें थाना टीटी नगर और शाहजहानाबाद के सहयोग से कार चोरी करने वाले आफताब अली उर्फ शाहरुख, मोहम्मद शाहरुख और सोएब अली को गिरफ्तार किया। उनके पास मारुति जेन कार और चोरी करने रैकी में प्रयुक्त मोटरसाइककल होण्डा यूनिकोर्न भी जब्त की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने थाना शाहजनाबाद क्षेत्र से एक मारुति जेन कार एवं कोहिफिजा क्षेत्र से चोरी गई दो कार देवास के रहने वाले नवाब शाह, मुबारक खान, कल्लू शाह के कबाड़ में बेची। जिसके बाद पुलिस ने देवास में तीनों कबाड़ियों से पूछताछ कि उन्होंने आरोपियों से चार कार खरीदना स्वीकार किया। पुलिस ने कबाड़ी नवाब शाह से शाहजनाबाद से चोरी जेन कार भी जब्त की और तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों के कबाड़ से पुलिस को चोरी कारों के विण्डशील्ट, बंपर और नंबर प्लेट मिले। पुलिस की आरोपियों से पूछताछ जारी है।



## एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत से हड़कंप

### समस्तीपुर में रस्सी से लटने मिले मिले

**एजेंसी।** समस्तीपुर में एक ही परिवार के 5 लोगों की लाश घर के अंदर मिली है। सभी के शव के छत से लटके मिले। मौत के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। कुछ लोग इसे खुदकुशी बता रहे तो कुछ हत्या का शक जता रहे हैं। मामला विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के मऊ धनेशपुर दक्षिणी गांव का है। रविवार सुबह जब प?ोसियों ने घर के अंदर देखा तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद आसपास के लोग वहां जुट गए। पुलिस को बुलाया गया।मौके पर पहुंच कर पुलिस छानबीन में जुटी गई।

## पाकिस्तान में इमरान की हत्या की अफवाह

# इस्लामाबाद में हाई अलर्ट

**एजेंसी।** पाकिस्तान में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की अफवाह से माहौल गर्मा गया है। इस खबर के फैलते ही इस्लामाबाद पुलिस डिपार्टमेंट हाई अलर्ट पर आ गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि इस्लामाबाद में धारा 144 पहले ही लागू कर दी गई है और पब्लिक मीटिंग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस्लामाबाद में स्थित इमरान खान के आलीशान घर बनी गाला की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने कहा कि सिक्योरिटी फोर्सेज ने बानी गाला में विशेष सुरक्षा तैनात की है। हालांकि, अभी यहां पर कौन कौन लोग मौजूद हैं पुलिस को इस बारे में जानकारी नहीं दी गई है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के मुताबिक, इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।



इमरान खान को कुछ हुआ इसे पाकिस्तान पर हमला मानेंगे इस्लामाबाद पुलिस का कहना है कि वो इमरान खान को पूरी सुरक्षा मुहैया कराएंगे और उनकी टीम से भी मदद की उम्मीद रखते हैं। वहीं दूसरी तरफ इमरान खान के भतीजे हसन नियाजी का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री को कुछ भी होता है तो इसे पाकिस्तान पर हमला माना जाएगा।



## कश्मीर पंडितों के मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के सामने विरोध की कोशिश

**रायपुर, एजेंसी।** एकदिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचीं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी को कश्मीर पंडितों के मुद्दे पर विरोध का सामना करना पड़ा। कश्मीर पंडितों के मुद्दे को लेकर एक व्यक्ति ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के सामने विरोध प्रदर्शन का प्रयास किया। दरअसल, रायपुर का दौरा समाप्त कर दिल्ली जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं स्मृति इरानी की गाड़ी के सामने एक व्यक्ति आ गया और कश्मीरी पंडितों के मुद्दे को लेकर हंगामा करने लगा, पोस्टर दिखाते हुए नारेबाजी की। इस दौरान विरोध कर रहे ०?यक्ति ने केंद्रीय मंत्री से कश ?मीरी पंडितों को ¬?याय देने की मांग की। पुलिस ने उसे रोक लिया।

# पुरातन वैभव की चमक जबलपुर, भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक

**कटनी।** कटनी जिले की स्थापत्य कला के बेजोड़ उदाहरण भले ही कटनी में उतने चर्चित न हों पर इसकी चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी खूब है। जिले के पुरातन वैभव की चमक जबलपुर, भोपाल, नागपुर से लेकर विदेशों तक में है। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हैरीटेज (इंटेक) से जुड़े राजेन्द्र सिंह ठाकुर बताते हैं कि जिले में खुदाई में मिलीं कई प्राचीन प्रतिमाओं को जबलपुर, भोपाल, नागपुर, कोलकाता के पुरातत्व संग्रहालय में सहेजकर रखा गया है। रायपुर के पुरातत्व संग्रहालय की तो शोभा ही कटनी की प्राचीन धरोहरें बढ़ा रही है। छत्तीसगढ़ के इस पुरातत्व संग्रहालय में आधी से ज्यादा प्राचीन प्रतिमाएं कटनी जिले से ले जाकर रखी गई है। जिले की बेशकीमती विरासत का हिस्सा रही बेजोड़ वास्तुशिल्प वाली कुछ दुर्लभ प्रतिमाएं विदेशों तक में चमक बिखेर रही है।

### सहेजने में जिम्मेदारों का रवैया सुस्त

जिले की प्रचुर पुरातन संपदा को सहेजने में जिम्मेदार का रवैया सुस्त है। संभागायुक्त से लेकर एएसआई की मंशा प्राचीन प्रतिमाओं को एक जगह संरक्षित करके रखने के लिए संग्रहालय बनाने की है। इसके लिए बिलहरी क्षेत्र में तहसीलदार को जमीन चिन्हित करने के लिए कहा गया है। लेकिन संभागायुक्त की मंशा के निर्देश के बावजूद संबधित तहसीलदार और अन्य अधिकारी संग्रहालय से संबधित कामकाज को लेकर ढुलमुल रवैया बनाए



हुए है। इससे पुरातत्व महत्व की संपदाओं को संरक्षित करके प्रदर्शित करने और पर्यटन सुविधा को विस्तार की कवायद ढीली पड़ गई है।

### कलचुरी काल के दौरान के कई अनूठे कलाशिल्प

जिले में कलचुरी काल के दौरान के कई अनूठे कलाशिल्प के अवशेष मौजूद हैं। 10वीं और 11वीं सदी की कई दुर्लभ प्रतिमाएं बिलहरी में खुदाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को मिली हैं। कारीतलाई में 493 ईस्वी के पुरा अवशेष हैं। बडग़ांव और तिगवां में भी अति प्राचीन संपदा के अवशेषों का खजाना है। प्राचीन विरासत की झलक के निशान उमरियापान में भी मिलते हैं। बहोरीबंद के नजदीक रूपनाथ धाम में 232 ईसा पूर्व लिखे गए सम्राट अशोक के संदेश वाला शिलालेख हैं। इन्हें संरक्षित और सुरक्षित करने की जिम्मेदारों की लापरवाही प्राचीन विरासतों को संवारने में बाधा बनी हुई है।

### अब तक एक म्यूजियम आकार नहीं ले सका

हैरान करने वाली बात है कि कटनी की अति प्राचीन विरासत से देश के पांच बड़े पुरातत्व संग्रहालय (जो कि अलग-अलग राज्यों की राजधानी में है) रोशन है। लेकिन जिले में अब तक एक म्यूजियम आकार नहीं ले सका है। ऐसी कोई जगह विकसित नहीं की गई कि जहां लोग जिले के ऐतिहासिक गौरवकाल से परिचित हो सकें। कलचुरी काल में शिलाओं पर की गई बेजोड़ कारीगिरी के नमूने को नजदीक से निहार सकें। जबकि जिले में चारों ओर पुरातत्व संपदा और प्राचीन विरासत के अवशेष बिखरे हुए हैं।

---

### दो दिन पहले ही दो लग्जरी कारों से भी बरामद हुआ था गांजा

कटनी और उससे लगे इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी का गिरोह का खुलासा बड़वारा पुलिस ने किया है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो कारों से करीब 36 लाख कीमत का करीब 180 किलो गांजा जब्त किया है और पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई बड़वारा केलखाखेरा बाइपास केपास की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री जैन ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए थे। इसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया और डीएसपी मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में 31 मई को बड़वारा पुलिस ने ग्राम लखाखेरा बाइपास के पास वाहनों की जांच की। जांच के दौरान विलायतकला की ओर से एक आर्टिका कार (यूपी 95-एस 2762) आते दिखी। इसे रोककर पुलिस टीम ने जानकारी ली। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसकी आंख फटी रह गईं कार में भारी मात्रा में गांजा बरामद किया था पुलिस की कार्रवाई के बीच यह प्रश्न उठ रहा है कि आखि गांजा इतनी भारी तादात में कटनी कहां से लाया जा रहा कौन सा रैकेट इस कार्य में लगा है।

## छत्तीसगढ़ से हो रही थी मादक पदार्थ की डिलवरी

# इस तरह ट्रेन से गांजे की खेप आती कटनी !

### बहोरीबंद थाना अंतर्गत बरतरी का रहने वाला युवक गिरफ्तार

**कटनी।** कटनी में गांजा कहां से आ रहा। इसे लेकर अभी तक पुलिस को पुख्ता जानकारी नही है। लेकिन इस खबर के बाद तय है कि कटनी में गांजे की सप्लाई छत्तीसगढ़ से हो रही है। कल बिलासपुर में पकड़े गए कटनी के बहोरीबंद निवासी शख्स से यह बात सामने आई है।

मिली खबर के मुताबिक ट्रेनों में गांजा तस्करी जारी है। संयुक्त जांच के दौरान जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने कटनी के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार किलो गांजा बरामद हुआ है। आरोपित टिटलागढ़- बिलासपुर पैसेंजर से गांजा लेकर बिलासपुर पहुंचा और यहां से कटनी लेकर जाने की योजना थी। लेकिन रेलवे की दोनों सुरक्षा विभाग की टीम ने ट्रेन से उतरने ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जब्त गांजा की कीमत 20 हजार रुपये आंकी गई है। मामला शुक्रवार देररात का है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ट्रेन में मादक पादर्थ की तस्करी व अपराध की रोकधाम के लिए जीआरपी व आरपीएफ नियमित जांच करती है। जांच के दौरान ही उन्हें मुखबिर से सूचना मिली एक युवक टिटलागढ़-




बिलासपुर पैसेंजर से बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उतरेगा। उसके पास जो बैग है उसके अंदर गांजा है। मुखबिर ने हुलिया भी बताया। जिसके बाद सुरक्षा टीम सतर्क हो गई और ट्रेन के पहुंचने का इंतजार करने लगी। जैसी ट्रेन प्लेटफार्म नंबर पांच पर आकर खड़ी हुई। इंजन की तीसरी बोगी से एक युवक उतरा। वह खुद को सामान्य यात्री जताने की कोशिश कर रहा था। पर जांच टीम को संदेह हो गया। युवक को भी जीआरपी व आरपीएफ को देखकर इधर- उधर करने लगा। इस पर संदेह यकीन में बदला और टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। मौके पर सामान्य पूछताछ की गई। जिसमें उसने अपना नाम प्रदीप चौहान निवासी वार्ड नंबर 10 ग्राम बरतरी था बहोरीबंद जिला कटनी बताया। बैग की तलाशी ली गई। इस दौरान बैग के अंदर से चार किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपित को जब्त गांजा सहित पकड़कर जीआरपी थाना लाया गया। आरोपित के खिलाफ धारा 20 बी एनटीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई के मुख्य रूप से बिलासपुर जीआरपी थाना प्रभारी हरीश शर्मा, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी भास्कर सोनी, आरपीएफ टास्क टीम उप निरीक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक आरके मिश्रा, अंबित मरावी शामिल रहे।

### बरतरी का रहने वाला है युवक

बिलासपुर में गांजे के साथ पकड़ा गया युवक बहोरीबंद के बरतरी गांव का रहने वाला है जिससे फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है लेकिन इससे एक बात तो तय है कि गांजे के इस कारोबाद में कटनी के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शामिल किया जा रहा है। इधर पता लगा है कि पुलिस इसे शख्स से यह भी जानकारी हासिल कर रहीं है कि वह किसके लिए काम करता है।



# शहर में डोर टू डोर कचरे का संग्रहण

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में प्रयास किये जा रहे हैं। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सहित प्रात:कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के मुख्य मार्गो सहित नाले- नालियों, डिवाईडर, डस्टबिन, एवं कचरे के प्वाइंटों की सफाई कराई जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने की कार्यवाही स्वच्छता दूतों के माध्यम से रोजाना की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह नगर की सफाई व्यवस्था के लिए नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्ना सार्वजनिक मार्गो सहित वार्डो की विभिन्ना गलियों की सफाई का कार्य कराया गया। पन्नाा मोड, कुठला मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, चांडक चौक, आजाद चौक मिशन चौक, सुभाष चौक, घंटाघर, खोवा गली, कटाए घाट मोड, भट्टा मोहल्ला, अंबेडकर वार्ड गायत्री नगर, मित्र विहार कॉलोनी, गांधी द्वार, स्टेट बैंक प्वाइंट, तिलक कॉलेज रोड, वार्ड क्रमांक 45 स्थित बडी मस्जिद के आसपास सहित नगर के विभिन्ना वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्ना वार्डो से डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजा गया।

---

# श्री कृष्ण जन्म में झूमे श्रद्धालु

### पन्ना मोड़ के पास चल रही श्रीमदभागवत कथा





**कटनी।** कुठला थाना छेत्र अंतगत पन्ना मोड़ के पास भागवत कथा का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कल श्री कृष्ण जनमोत्स्व की कथा पर गोकुल से माहौल में उपस्थित भक्तों ने उत्साह के साथ कृष्ण जन्म मनाया इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में उत्साह के साथ भागीदारी रही। संगीतमय कार्यक्रम के बीच आतिशबाजी और बधाई गीतों के साथ कृष्णजन्म मनाया इस कार्यक्रम की आयोजक आशा तिवारी के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है कथा सप्ताह का यह धर्ममयी आयोजन 1 सप्ताह तक चलेगा। कथा वाचक रामलखन त्रिपाठी के द्वारा बेहद सुंदर ढंग से कथा वाचन किया जा रहा है यह कार्यक्रम श्रीमदभागत का कथा 8 जून को भंडारा के साथ समापन किया जाएगा।

# जारी है गर्मी का सितम, पारा लगातार उछाल पर, तीन दिन गर्मी बढ़ेगी

कटनी में प्री मानसून गतिविधियां थमने के बाद एक बार फिर से पारा चढ़ने लगा है। पूरे जिले में एक बार फिर से तपिश बढ़ गई है। राजधानी में सोमवार को 41 डिग्री सेल्सियस के पास तापमान पहुंच गया है। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में भी तेजी देखने को मिली है। कई जिलों में प्रदेश में सामान्य से अधिक तापमान रेकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश में आने वाले कुछ दिनों में मानसून के दस्तक के साथ ही गर्मी से राहत की उम्मीद है। फिलहाल तेज धूप के साथ उमस भी बढ़ गई है। सिर्फ कटनी ही नहीं पूर्व एमपी के कुछ हिस्सों में प्री मानसून गतिविधियों के कारण बारिश हुई



थी। वहीं, अप्रैल-मई में भोपाल में बारिश नहीं हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पश्चिमी मध्यप्रदेश के लोगों को दो हफ्ते तक और गर्मी झेलनी पड़ेगी। फिलहाल पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क ही रहने वाला है। मौसम विभाग का कहना है कि एमपी में मानसून 15 जून तक पहुंचने की उम्मीद है। बीते दिन ग्वालियर में सबसे अधिक तापमान रेकॉर्ड किया गया है। ग्वालियर में 44.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले तीन दिनों में रीवा संभाग के जिलों और उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी, मंडला, दमोह, सागर और जबलपुर में जिलों कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रथम वर्ष के शिक्षा वर्ग का समापन समारोह आज शाम

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रथम वर्ष के शिक्षा वर्ग का समापन समारोह आज शाम 5 बजे से दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही के शिक्षक रत्न पुरूस्कार से सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक विनोद कुमार सकरवार होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महाकौशल प्रांत के प्रचारक प्रवीण गुप्त की मौजूदगी रहेगी। उल्लेखनीय है कि 21 दिवसीय शिक्षा वर्ग की शुरूआत विगत 16 मई को हुई थी। जिला संघचालक डॉ. अमित साहू एवं वर्गाधिकारी डॉ. धीरेन्द्र मिश्र ने सभी गणमान्य जनों से समापन समारोह में उपस्थिति का आग्रह किया है।

## नीलिमा ❤ से

### हरियाली की चूनर



हरियाली की चूनर ओढ़े
यौवन का अनुपम श्रृंगार किये
ये धरा है ईश्वर की अनमोल कृति
इस धरा का अस्तित्व बचाएं हम
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

बढ़ रही जहरीली हवाएं
कट रहे हरे-भरे जंगल-जंगल
धरती हो जायेगी बंजर-बंजर
प्रकृति की अनमोल बहार बचाएं
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

मत छीनो धरती का ये आभूषण
प्रकृति ने जो दिया पर्यावरण संरक्षण
वो सबसे अनमोल अदभुत है धन
मिलकर दूर करें धरा से ये प्रदूषण
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम

देकर नवजीवन इस धरती को
प्रकृति के साथ हम सब मुस्कुराएं
हरी-भरी धरा की हरियाली ना मिटने पाए
मनोरम धरती पर हर दिन नया पेड़ लगायें
जन-जन ये संदेश फैलायें
मिलकर पर्यावरण बचाएं हम।!!!

- नीलिमा पाठक सामंतरे





## सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 5 शो ता. 03 से
सुबह 10.30, 1, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे



### सम्राट पृथ्वीराज

कलाकार- अक्षय कुमार, संजय दत्त, मानुषी छिल्लर, सोनू सूद आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 03 से,
सुबह 9.15, 3 एवं रात्रि 9 बजे से



### विक्रम

कलाकार- कमल हासन, विजय सेतुपति, फदाह फासिल, अर्जुनदास आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

## सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 2 शो ता. 03 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.15 बजे से




### मेजर

कलाकार- आदिवी शेष, सई मांजरेकर, प्रकाश राज, मुरली शर्मा आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

## डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कॉलोनियां नहीं हुई वैध, नारकीय पीड़ा भोग रहे वाशिंदे

## राज्य सरकार की घोषणा के बाद भी अवैध कॉलोनियों को नहीं मिला वैध का तमगा

यश भारत
खबर विशेष

कटनी। नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक दलों की सक्रियता भी बढ़ गई है। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है। सत्तापक्ष के नेता जहां पिछले कुछ समय में किये गए विकास कार्यों को लेकर जनता के सामने जाएंगे, तो वहीं कांग्रेस बिजली और पानी की समस्या को लेकर मतदाताओं का ध्यान अपनी ओर खींचने का प्रयास करेगी, लेकिन कुछ मुद्दे ऐसे हैं, जो पिछले कई सालों से लंबित है और राज्य सरकार की घोषणा के बाद भी इस पर रत्ती भर भी काम नहीं हुआ। अवैध कालोनियों को वैध किये जाने का मामला अभी भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। बीते एक दशक से इसको लेकर केवल कोरे वायदे ही किये गए।



### नगरीय निकाय चुनाव में विपक्ष भुनाएगा इस मुद्दे को

प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान स्वयं कई बार अवैध कालोनियां को वैध किये जाने की बात कह चुके हैं, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। कटनी नगर निगम की बात करें तो यहां भी कई कालोनियां वैध होने का सालों से इंतजार कर रही हैं। इन कॉलोनियों के वैध नहीं होने की वजह से यहां रहने वाले हजारों लोगों को पिछले कई सालों से नारकीय पीड़ा भोगना पड़ रही है। इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। बस स्टैंड के आगे शिवाजी नगर की बात करें तो यहां मुख्य सड़क का निर्माण आज तक नहीं हो सका है। सड़क नहीं बनने की वजह से आवागमन में लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में कॉलोनी जाने वाला मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो जाता है। कीचड़ से सनी सड़क से लोगों का आवागमन होता है, इसके अलावा यहां न तो नालियां बनाई गई हैं और न ही प्रकाश व्यवस्था के उचित इंतजाम किए गए हैं। आलम यह है कि शहर से लगी यह कॉलोनी बदइंतजामी के चलते समस्याओं के मकड़जाल में घिर गई है। लोग परेशान हैं और उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। आने वाले चुनाव में इस मुद्दे को लेकर जनता नेताओं को खरी खोटी सुनाने के लिए तैयार है।



### निर्देशों के बाद भी नहीं हुआ क्रियान्वयन

राज्य सरकार द्वारा अवैध कॉलोनियों को वैध किए जाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों में कहा गया था कि नगर निगम प्रशासन अवैध कॉलोनियों में शिविर लगाकर रहवासियों से विकास शुल्क जमा कराकर कॉलोनियों को वैध किए जाने की दिशा में कार्य करे। नगर निगम प्रशासन द्वारा शिवाजी नगर सहित अन्य कई कॉलोनियों में शिविर लगाया गया, लेकिन विकास शुल्क अधिक होने की वजह से इन कॉलोनियों का वैधीकरण नहीं हो सका। इसके बाद नगर निगम प्रशासन ने भी कॉलोनियों को वैध किए जाने को लेकर कोई रूचि नहीं दिखलाई।

### अवैध कॉलोनी होने का दंश झेल रहे वल्लभ नगर कॉलोनी के नागरिक

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक तीन के अंतर्गत वल्लभ नगर कॉलोनी में रहने वाले वाशिंदे अवैध कॉलोनी का दंश झेल रहे है। इस कॉलोनी में रहने वाले नागरिक मूलभूत सुविधाओं के साथ ही पिछले करीब एक साल से लो वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गर्मी का मौसम होने के कारण लोगो की परेशानियां बढ़ गई हैं। न तो पंखे चल रहे और न ही कूलर। पानी की मोटर भी बमुश्किल चल पा रही। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को कईयों बार इस समस्या से अवगत कराए जाने के बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा। कंपनी के अधिकारियों द्वारा वल्लभ नगर को अवैध कॉलोनी बताकर नया ट्रांसफार्मर लगाने से इंकार किया जा रहा है।

### आज तक नहीं हुआ समस्या का समाधान

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि वल्लभ भाई पटेल नगर कॉलोनी में विगत 1 वर्ष से वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। पानी की मोटर एवं कूलर पंखे सही तरीके से नहीं चल पाते हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी आज तक इस समस्या का समाधान नहीं किया गया। लोगों द्वारा जब इसकी शिकायत लाइनमैन से की जाती है तो उसके द्वारा कहा जाता है कि यहां लोड ज्यादा है और ट्रांसफार्मर की कैपेसिटी कम है। जब तक कॉलोनी में नया ट्रांसफॅार्मर नहीं लगेगा, वोल्टेज की समस्या बनी रहेगी। ज्ञात हो कि कॉलोनी के बाहर एक छोटा ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जो कि कॉलोनी समेत एक बहुत बड़े को एरिया को बिजली आपूर्ति पहुंचाता है। क्षेत्र के लोगों की मांग है कि इस छोटे ट्रांसफार्मर से वल्लभ भाई पटेल नगर कॉलोनी बिजली आपूर्ति की जाए। लोगों का यह भी कहना है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो क्षेत्र के नागरिक चुनाव के बहिष्कार का निर्णय ले सकते हैं।

# जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 में महिला उम्मीदवारों के बीच घमासान



श्रीमती जया उरमलिया ने पेश की दावेदारी

कटनी। पंचायत चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदार भी सक्रिय हो गए हैं। फिलहाल नामांकन जमा करने का सिलसिला चल रहा है। करीब 7 साल बाद हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर उम्मीदवारों में उत्साह नजर आ रहा। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में आधे पद महिलाओं के लिए आरक्षित होने के बाद महिलाएं भी अब सक्रिय राजनीति में अपनी हिस्सेदारी दे रही हैं। सबसे प्रतिष्ठापूर्ण माने जाने वाले जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के बीच घमासान छिड़ चुका है। चुनाव जीतने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। जिला पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 7 (निवार) में राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने वाली ग्राम कुलुआ बड़खेरा निवासी श्रीमती जया जगदीश उरमलिया ने भी अपनी प्रबल दावेदारी जताई है। जया को राजनीति विरासत में मिली है। उनके ससुर राजेंद्र उरमलिया इस क्षेत्र से कई बार जनपद सदस्य रह चुके हैं। पति जगदीश उरमलिया भी क्षेत्र से सरपंच एवं जनपद सदस्य के रूप में इस क्षेत्र का नेतृत्व कर चुके हैं। अब उरमलिया परिवार की बहू श्रीमती जया उरमलिया सक्रिय राजनीति में कदम रख रहीं हैं। उनका कहना है कि उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम चुना है और वे अपने ससुर और पति की तरह क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण की दिशा में कार्य करेंगी।

# चुनाव के पहले अवैध शराब के ठिकानों का भंडाफोड़

### विजयराघवगढ में 6 हजार किलो महुआ लाहन, 15 लीटर अवैध मदिरा जब्त



### अवैध मदिरा संग्रह परिवहन व विक्रय करने पर 4 प्रकरण दर्ज

कटनी। जिले में त्रि-स्तरीय आम निर्वाचन को लेकर आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। इस दौरान प्रशासन के निर्देशन में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिये अभियान चलाकर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग ने वियजराघवगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में कार्यवाही करते हुये 3 लाख रूपये अनुमानित मूल्य की अवैध मदिरा और महुआ लाहन नष्ट कराया है। साथ ही आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण भी पंजीबद्ध किया है।

आगामी दिवसों में होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत 4 जून को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त विजयराघवगढ में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त दविश में ग्राम दारोडी, शांतिनगर, सिगौंड़ी में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के नेतृत्व में कुल जप्ती 5955 किलो ग्राम महुआ लाहनए 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा कुल 4 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34-1 क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लहान तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग तीन लाख रूपये है।



# जैन समाज ने धूमधाम से मनाया श्रुत पंचमी का महापर्व

### मंदिरों में प्रातः पूजा अर्चना, अभिषेक एवं आरती का आयोजन

कटनी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रुत पंचमी का महापर्व जैन धर्मावलंबियों द्वारा कल शनिवार को अपार उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास मय वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर शहर के सभी जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः पूजा, अर्चना, अभिषेक एवं आरती उतारकर पुण्यलाभ अर्जित किया गया। समाजसेवी अजित सिंघई ने जानकारी देते हुए बताया कि परमपूज्य आचार्य सन्त शिरोमणि श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री वीरसागर जी महाराज एवं मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन हुए। उन्होंने आगे बतलाया कि आज के पावन दिन जैन धर्म के पवित्र ग्रंथ लिपिबद्ध हुए थे। श्रुत पंचमी के अवसर पर जैन मंदिरों में रखे गए ग्रंथ, पुराणों का विशेष रखरखाव किया जाता है। उन्होंने बताया कि बड़ी मली जिनवाणी मां तत्वों का ज्ञान कराती है। सदा सुलाती दुनिया की मांए यह मां हमे जगाती है। श्रुत पंचमी के दिन हमें जिनेन्द्र वाणी का रसपान करने का अवसर मिला। आज से लगभग 2000 वर्ष पूर्व श्रुत पंचमी को जैन परंपरा के अनुसार प्रथम श्रुत स्कंध षटखडागम ग्रंथ का लेखन गुजरात प्रांत स्थित अंकलेश्वर में पूर्ण हुआ था, जिसका बड़ा उत्सव मनाया गया था। इसीलिए आज के दिन श्रुत पंचमी पर्व मनाई जाती है। गिरनार पर्वत की गुफाओं में साधनारत धरसेनाचार्य को ऐसा विचार आया कि दर्शन एवं सिद्धांत का जो ज्ञान मैंने अर्जित किया है, वह मात्र मेरी धारणा तक सीमित है। मेरी समाधि के बाद वह समाप्त हो जाएगा, इसलिए इसे लिपिबद्ध कर इसकी रक्षा करना चाहिए, इसके लिये उन्होंने दक्षिण पथ की महिमा नगरी के मुनि सम्मेलन को श्रुत सुरक्षा संबंधी पत्र लिखा। पत्र के जवाब में अहत्वलि आचार्य के द्वारा अपने संघ के विद्वान एवं युवा दो मुनियों पुष्पदंत एवं भूतबली को धरसेनाचार्य के पास भेजा। प्रथम श्रुत स्कंध षटखंडागम ग्रंथ की रचना हुई। यह ग्रंथ प्राकृत भाषा में लिखा गया है। आज के दिन प्राचीन जैन ग्रंथों की पूजा की जाती है, उनके अछार, कवर आदि बदले जाते हैं और शास्त्रों को लेकर शोभा यात्रा निकाली जाती है।

### पोस्टल बैलेट कार्य के लिए नोडल, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

कटनी। कलेक्टर द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु पोस्टल बैलेट के कार्य हेतु नोडल अधिकारीए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए थे। जिनमें आंशिक संशोधन करते हुए दीपक कुमार परमार संभागीय लेखा अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के स्थान पर नवीन नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गए है। जारी संशोधित आदेशानुसार निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र जारी करनें हेतु अधिकारियोंध्कर्मचारियों का आंकलन करनाएवं मांग अनुसार आवेदन फार्म.19 जारी करनेए फेसीलिटेशन केन्द्र की स्थापनाए डाक विभाग से समन्वय स्थापित करनेए ईण्डीण्बी जारी किये गये मतपत्रों का मतदाता सूची की चिन्हित प्रति में मार्किंग करना एवं कार्मड कॉपी आरण्ओ को उपलब्ध करानेए ईण्डीण्बी की मतगणना की व्यवस्था हेतु संबंधित आरण्ओ से समन्वय स्थापित कर मतगणना करनाए ईण्डीण्बी जारी किये जाने हेतु समय समय पर आयोग के द्वारा दिये गए निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करना एवं समस्त करार्यवही सुनिश्चित करने हेतु नोडल अधिकारी सहायक आयुक्त सहकारिता राजवर्धन कुरीलए सहायक नोडल अधिकारी प्रधान अध्यापक शाण्माण्शाण् पहाडी निवार एनण्पीण्दुबे एवं ग्रामीण विस्तार अधिकारी अनिल कुमार शुक्ला को नियुक्त कर किया गया है। समस्त समितियों के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीए उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन तथा संबंधित आरण्ओण्ध्एआरण्ओ से समन्वय करते हुये राज्य निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही संपन्न कर जिला निर्वाचन कार्यालय को अवगत करानें हेतु निर्देशित किया है।

# 22 दस्तावेजों को दिखाकर मतदाता डाल सकेंगे वोट

कटनी। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की पहचान स्थापित करने दस्तावेज निर्धारित किये है। जिसमे 22 दस्तावेज शामिल है। इनमे से कोई एक दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, भू अधिकार एवं ऋण पुस्तिका, पीला राशन कार्ड काम के बदले अनाज योजनान्तर्गत जारी तथा नीला राशन कार्ड गीरीबी रेखा के नीचे हितग्राहियों हेतु जारी राशन कार्ड, बैंक, किसान, डाकघर पासबुक, शस्त्र लायसेंस, संपत्ति दस्तावेज जैसे पट्टा, रजिस्ट्रीकृत विलेख आदि, विकलांगता प्रमाण पत्र को पहचान के लिए प्रस्तुत कर सकता है। इसी प्रकार निराश्रित प्रमाण पत्र, तेंदूपत्ता संग्राहक पहचान पत्र, सहकारी समिति का अंश प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लायसेंस, आयकर पहचान पत्र पेन कार्ड, राज्य व केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकाय या अन्य निजी औधोगिक घरानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जने वाले सेवा पहचान पत्रए छात्र पहचान पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग अधिवासी प्रमाण पत्र, पेंशन दस्तावेज जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन बुक, पेंशन आदायगी आदेश, भूतपूर्व सैनिक विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, रेल्वे पहचान पत्र, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पहचान पत्र शामिल है। इसके अलावा पहचान के लिए उल्लेखित आम लेखों के अतिरिक्त पीठासीन अधिकारी ऐसा कोई अन्य अभिलेख भी स्वीकार कर सकेगा जिससे वह मतादाता की पहचान के संबंध मे संतुष्ट हो सके। परिवार के मुखिया के पास उपलब्ध दस्तावेज, परिवार के दूसरे सदस्यों की पहचान और परिवार के दूसरे सदस्यों के नाम से कोई दस्तावेज होने पर अन्य सदस्यों की पहचान के लिए भी प्रयोग किया जा सकता है। लेकिन यदि मतदाता कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने मे असफल रहता है, तो पीठासीन अधिकारी स्थानीय कोटवार, पटवारी, शिक्षक, ग्राम पटेलए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका इत्यादि कर्मियों या किसी प्रतिष्ठित स्थानीय निवासी से उसकी पहचान स्थापित कराने के उपरांत उसे मतदान के लिए मतपत्र प्रदान कर सकेगा।

### टेंकरों से जलापूर्ति कर रहा नगर निगम



नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के कई वार्डों में पेजयल संकट गहराने के बाद टेंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है।

# रोज की जा रही बैनर पोस्टर हटाने की कार्यवाही

कटनी। शनिवार को मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत नगर के विभिन्न स्थलों मे अनाधिकृत रूप से लगे पोस्टर एवं बैनर को हटाने की कार्यवाही की गई। नगर पालिक निगम कटनी की गठित के द्वारा को नगर के मुख्य मार्गों, बरगवां, मिशन चौक, नदीपार, बस स्टैंड, पन्ना मोड सहित अन्य स्थलों में कार्यवाही की गई। साथ ही शासकीय परिसंपत्ति एवं मुख्य मार्गो के किनारे एवं बीच के विद्युत पोलए सार्वजनिक मार्ग के किनारे लगे बैनर पोस्टर को हटाकर जब्ती की कार्यवाही की गई।



**कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर सशक्त महिला दीनदयाल अंत्योदय बहुउद्देशीय सह. समिति मर्या. बरही पं.क्र. 109082**

**सशक्त महिला दीनदयाल अंत्योदय बहुउद्देशीय सह. समिति मर्या. कटनी पं.क्र. 109082 के संचालक मंडल, पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम सूचना का प्रकाशन।**

**दिनांक- 30.05.2022**

(1) आमसभा की सूचना एवं कार्यक्रम जारी किया जाना दिनांक **05.06.2022**, (2) नामांकन पत्र प्रस्तुत किया जाना दिनांक **13.06.2022**, (3) नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूचना का प्रकाशन दिनांक **14.06.2022**, (4) नामांकन पत्रों की वापसी, चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आंवटन दिनांक **15.06.2022** (5) विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना दिनांक **20.06.2022** (6) रिक्त स्थानों हेतु सहयोजन दिनांक **21.06.2022** (7) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु सूचना जारी किया जाना दिनांक **21.06.2022** (8) अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक **24.06.2022**।

अध्यक्ष/प्रबंधक — रिटर्निंग अधिकारी
**सशक्त महिला दीनदयाल अंत्योदय बहुउद्देशीय सह. समिति मर्या. बरही पं.क्र. 109082**

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 02nd June 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
book my show
MALL
10:00 AM 12:30 PM 1:00 PM 3:00 PM 4:00 PM 6:00 PM 9:00 PM
10:15 AM 1:15 PM 6:45 PM 9:30 PM
10:30 AM 3:45 PM 9:15 PM
6:30 PM
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# सोशल मीडिया में साम्प्रदायिक और धार्मिक विद्वेष फैलाने वाली पोस्ट करना प्रतिबंधित

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022-23 के लिये निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किए जाने के फ्लस्वरूप कटनी जिले में 19 जुलाई तक आदर्श आचरण संहिता लागू होने के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी प्रियंक मिश्रा ने आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये कुछ असामाजिक तथा शरारती तत्वों द्वारा इंटरनेट तथा सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वॉटसऐप, टिवटर, इंस्ट्राग्राम इत्यादि के माध्यम का दुरूपयोग कर साम्प्रदायिक, धार्मिक तथा जातिगत विद्वेष पहुंचाने से दुर्भावना पूर्ण पोस्ट करने की सूचनाएं प्राप्त होने की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए, सोशल मीडिया संदेशों को पूर्णतः रोकने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो जैसे फेसबुक, वॉटसऐप, ट्विटर, हाईक, एसएमएस, इन्स्टाग्राम इत्यादि का दुरूपयोग कर धार्मिक और सामाजिक जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसार नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उल्लेखित सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार की आपत्ति जनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, ऑडियों, विडियो इत्यादि भी सम्मिलित है, जिसमें धार्मिक




सामाजिक जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है अथवा सम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता हो, को ना ही पोस्ट लिखेगा न ही भेजेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़काती हो को कमेंट, लाइक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगो अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा हेतु फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नही करेगा और न ही इसके लिये प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति अफ्वाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर भड़काने, उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में संलग्न हो जाये सोशल मीडिया में प्रसारित नही करेगा और न ही लाइक, शेयर या फॉरवर्ड करेगा तथा न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति या समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नही करेगा जिनसे किसी व्यक्ति, संगठन, समुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने उनसे या कोई विशेष कार्य या गैर कानूनी गतिविधियों करने हेतु आव्हान किया गया हो, जिससे कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्यमान हो। सोशल मीडिया पर किसी का फर्जी प्रोफाईल बनाना या उसे प्रसारित करना दण्डनीय अपराध है। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188, आई.टी.एक्ट 2000 के विभिन्न नियमों तथा अन्य अधिनियमों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित

**कटनी।** जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर कटनी प्रियंक मिश्रा ने नगरीय निकाय निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचरण संहिता लागू रहने की अवधि 19 जुलाई तक के लिए परिशांति बनाये रखने और शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम तथा ध्वनि प्रदूषण नियम के तहत आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कटनी जिले में राजनैतिक पार्टियों तथा व्यक्तियों द्वारा जुलूस, जनसंपर्क, आमसभाओं का आयोजन, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाद ही किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा गुरूवार को इस संबंध में जारी आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डेक, डीजे इत्यादि का उपयोग या प्रदर्शन किसी आमसभा, सम्मेलन, जुलूस, कार्यक्रम, जलसा, टी.व्ही., एल.सी.डी. या चलित वाहन में नहीं करेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। संबंधित रिटर्निंग आफीसर व सहायक रिटर्निंग आफीसर मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत 48 घण्टे पूर्व की सूचना के उपरान्त प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारकों के 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल से अनधिक) पर अनुमति दे सकेंगे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित रहेगा। आदेश तत्काल प्रभाव से कटनी जिले अन्तर्गत आने वाले निर्वाचन क्षेत्रों एवं राजस्व सीमाओं के अन्तर्गत प्रभावशील रहेगा।



## 7 लाख 84 हजार 319 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

### 3 लाख 99 हजार 858 पुरूष, 3 लाख 84 हजार 431 महिला और 30 अन्य मतदाता हैं शामिल

**कटनी।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 अंतर्गत जिले में तीन चरणों में चुनाव होने हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जा रही हैं और निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। तीन चरणों में जिले में जिला पंचायत सदस्य के 14, जनपद पंचायत सदस्य पद के 121, सरपंच के 407 और पंच पद 4911 पदों के लिए चुनाव होंगे। जिनका चुनाव जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 7 लाख 84 हजार 319 मतदाता अपने मत के माध्यम से करेंगे। निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कटनी की 59 ग्राम पंचायतों में 57 हजार 249 पुरूष व 55 हजार 300 महिला मतदाता सहित 4 अन्य मतदाता स्थानीय जनप्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। वहीं जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों में 76 हजार 782 पुरूष, 73139 महिला व 3 अन्य और बहोरीबंद जनपद पंचायत की 79 ग्राम पंचायतों में 76 हजार 752 पुरूष, 75 हजार 3 महिला व 16 अन्य मततदाता जनप्रतिनिधियों के चुनाव में सहभागिता करेंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 73 ग्राम पंचायतों में 69 हजार 314 पुरूष व 66 हजार 240 महिला मतदाता के साथ 1 अन्य मतदाता भी अपने मत का उपयोग करेगा। जनपद पंचायत रीठी की 56 ग्राम पंचायतों के लिए त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में 48 हजार 734 पुरूष, 48 हजार 23 महिला व 4 अन्य मतदाता और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र की 74 ग्राम पंचायतों में 71 हजार 27 पुरूष, 66 हजार 726 महिला व 2 अन्य मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। जिले की सभी जनपद पंचायत में कुल पुरूष मतदाता की संख्या 3 लाख 99 हजार 858, महिला मतदाता की संख्या 3 लाख 84 हजार 431 और 30 अन्य मतदाता शामिल हैं।



# पेड़ों के बिना इंसान का जीवन हो जाएगा दूभर- डॉ. यशवंत वर्मा





## समाजसेवी संस्था जनपरिषद ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित किया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**कटनी।** पेड़ पौधे की कमी से आक्सीजन की कमी होती चली जाएगी जिससे जीना दूभर हो जाएगा। ऐसे में पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा कर रहे हैं। अगर पेड़ पौधे कम हो जाएंगे तो पक्षियों का आश्रय स्थल कम होता चला जाएगा। यही कारण है कि वनों की कटाई के चलते जीव-जंतु कम होते चले जाएंगे। यह बात जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपरिषद द्वारा जिला चिकित्सालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि आहार श्रृंखला में भी पेड़ पौधों की भूमिका कम नहीं है। शाकाहारी जीव जंतु पेड़ पौधों को परोक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से खाते हैं। यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तो शाकाहारी जीव कम हो जाएंगे, जिसके चलते मांसाहारी जीवों पर कुप्रभाव पड़ेगा और आहार श्रृंखला कमजोर होती चली जाएगी। कार्यक्रम में जनपरिषद कटनी चैप्टर के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव प्रखर, वूमन विंग की राष्ट्रीय सचिव शिल्पी सोनी, वूमन विंग कटनी चैप्टर की अध्यक्ष नीलम जगवानी सहित अन्य सदस्यों ने डॉ. यशवंत वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। वृक्षारोपण के महत्व पर जनपरिषद के सदस्यों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जनपरिषद के प्रांतीय सचिव आशीष सोनी, पूर्व अध्यक्ष मनोज बर्मन, आशीष पटेल, अजय खरे पंकज, नित्यानंद पाठक, नगीना सोनी, गीतांजलि श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों की मौजूदगी रही।



# सीईओ ने अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का लिया जायजा

**कटनी।** बारिश से पूर्व अमृत सरोवर निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे द्वारा निर्माणाधीन तालाबों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जा रही है। सीईओ ने बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम लखनवारा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश श्री गोमे ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान विकासखण्ड अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# समय पर उपलब्ध कराएं मतपत्र के लिए कागज

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने शुक्रवार को राज्य निर्वाचन आयोग में हुई बैठक में पंचायत निर्वाचन के लिए छपने वाले मत-पत्रों के लिए कागज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए समय पर मतपत्र मुद्रण की सुनियोजित कार्य-योजना बना लें। श्री सिंह ने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन में मत-पत्र मुद्रण के लिए लगभग 575 टन कागज की आवश्यकता होगी। प्रमुख सचिव राजस्व श्री मनीष रस्तोगी ने कहा कि पंच, सरपंच, जनपद पंचायत और जिला पंचायत सदस्य के लिए मत-पत्रों की छपाई के लिए समय पर निर्धारित कलर के पेपर उपलब्ध करा दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 8 प्रकार के लिफाफों का मुद्रण भी समय-सीमा में कर लिया जायेगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह, उप सचिव अरूण परमार और श्रीमती अजीजा सरशार जफर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने किए शस्त्र लायसेंस निलंबित

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2022-23 का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किये जाने के बाद कटनी जिले में निर्वाचन हेतु 19 जुलाई तक आदर्श आचरण संहिता लागू रहेंगी। इसलिये चुनाव प्रचार-प्रसार, रैली संचालन, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी प्रियंक मिश्रा ने जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में शस्त्र अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कटनी जिले के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत थाना क्षेत्रों में समस्त अनुज्ञप्तिधारियों को अपने शस्त्र कस्टडी में 4 जून तक जमा करवाने के निर्देश दिये हैं। जारी आदेश में मजिस्ट्रेट, पुलिस सशस्त्र बल, सेना, होमगार्ड, एन.सी.सी. , कॉमर्शियल बैंकों की सुरक्षा हेतु पदस्थ सुरक्षा गार्डों की सुरक्षा की दृष्टि से कर्तव्य निर्वहन हेतु प्रदान किये गये शस्त्रों को मुक्त रखा गया हैं। सभी थाना प्रभारियों एवं आर्म्स डीलरों को निर्देशित किया गया है कि वे अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा जमा किये जाने वाले शस्त्रों को अपनी आत्मरक्षा में रखने की समुचित व्यवस्था करें। साथ ही अनुज्ञप्तिधारियों को शस्त्र जमा करने की रसीद भी दें। इसके अलावा जिन शस्त्र अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण नहीं हैं वे शस्त्र जमा कर उन्हें नवीनीकरण कराने के निर्देश दें। अनुज्ञप्तिधारियों को अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण होने के पश्चात ही शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी को वापस किया जाये। कटनी जिले में यह आदेश 19 जुलाई तक प्रभावशील रहेगा।

# शांतिपूर्ण,स्वतंत्र और निषपक्ष निर्वाचन कराने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**कटनी।** नगरीय निकायों के आम निर्वाचन वर्ष 2022-23 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं, जो 19 जुलाई तक प्रभावशील रहेगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कटनी प्रियंक मिश्रा ने जिले की समस्त राजस्व सीमाओं के भीतर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन निर्विघ्न कराया जा सके। जारी आदेश के मुताबिक किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार-प्रसार रैली, सभा स्थलो आदि में किसी भी प्रकार के घातक अस्त्र-शस्त्र जानमाल सुरक्षा हेतु स्वीकृत शस्त्र एवं फसल सुरक्षा हेतु स्वीकृत लायसेन्सो में दर्ज शस्त्रों एवं फरसा, बल्लम, तलवार, भाला, चाकू, छुरा, कुल्हाडी, गुप्ती, बरछी, त्रिशूल, इत्यादि लेकर आना-जाना अथवा उनका सार्वजनिक स्थल पर उपयोग व प्रदर्शन करने से




प्रतिबंधित किया गया हैं। कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति कटनी जिले की राजस्व सीमाक्षेत्र के अन्तर्गत किसी भी धार्मिक स्थान पर न तो आम सभा का आयोजन करेगा और न ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करेगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अनाधिकृत आयोजन अथवा जुलूस नही निकालेगा और न ही आपत्तिजनक नारेबाजी करेगा और नही आपत्तिजनक पोस्टर, पम्पलेट वितरित करेगा। कोई भी राजनीतिक दल अथवा उनके द्वारा आमसभा, जुलूस, प्रदर्शन, घ्वानि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग बगैर सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा। कोई भी राजनैतिक दल अथवा कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान या शासकीय या अर्धशासकीय संपत्ति स्थल, भवन भूमि परिसर, संरचना आदि का उपयोग समयाचना करने के उद्देश्य से नही करेगा एवं कोई पोस्टर, बैनर, दीवार पर लेखन, दीवार पर निर्वाचन प्रतीक दल के प्रतीक झण्डे आदि नही लगायेगा तथा किसी भी प्रकार का लेख आदि नही करेगा। इसी प्रकार निजी सम्पत्ति पर बगैर भूमिस्वामी की लिखित अनुमति के उपरोक्त कार्य नही करेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता एवं विविध अधिनियम और निर्वाचन नियम के अन्तर्गत दण्ड के भागी होगें।

## छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कटनी।** कटनी आट्र्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज चड्डा कॉलेज के एलएल.बी. प्रथम एवं पंचम सेमेस्टर के छात्रध्छात्राओं का रानी दुर्गावती विष्वविद्यालयए जबलपुर द्वारा गत दिवस परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुए विष्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बनाया। महाविद्यालय की एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में छात्रा चांदनी शर्मा प्रथम स्थानए चाहत थारवानी द्वितीय स्थान एवं आदित्य श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं एलएल.बी. पंचम सेमेस्टर में छात्रा वंदना दुबे एवं सुभाषचंद्र गुप्ता प्रथम स्थानए टुबानाज एवं सचिन कुमार जैन द्वितीय स्थान एवं संजय कुमार दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं ने अपनी इस सफ्लता को श्रेय महाविद्यालय के श्रेष्ठ अध्यापन, मूट कोर्ट, पुस्तकालय, आंतरिक परीक्षा एवं प्राध्यापकों द्वारा समय-समय पर स्पेषल कक्षाऐं लगाने को दिया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्ढा ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय का उद्देष्य छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना है जिसमें महाविद्यालय सदैव अग्रसर रहता है। उन्होंने महाविद्यालय के विधि विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल उपाध्याय, विधि प्राध्यापक श्रीमती ऋतिका साहनी आहूजा, श्रीमती माला उपाध्याय एवं श्री विधि प्राध्यापक संकल्प शुक्ला को उत्कृष्ट मार्गदर्षन के लिए बधाई दी तथा छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## निर्वाचन व्यय का दिन-प्रतिदिन का ब्यौरा प्रस्तुत करने हेतु टीम का गठन

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निगम एवं नगरीय परिषद वार समन्वय अधिकारी नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी /कर्मचारी को दायित्व सौपे गए हैं। जारी आदेशानुसर नगरनिगम कटनी संपूर्ण वार्ड में नगर निगम कटनी के महापौर/पार्षद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय का लेखा जोखा रखने हेतु समन्वय अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी कटनी, नोडल अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह परियोजना अधिकारी सहित सहायक नोडल अधिकारी सहा.लेखा.वि.संघ कटनी शिल्पी साहू, ज.पं कटनी शशि श्रीवास्तव एवं श्वेता बरसैंया को प्रभार सौपा है। नगर परिषद विजयराघवगढ, कैमोर एवं बरही हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी विजयराघवगढ, नोडल अधिकारी पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त नगर निगम कटनी एवं सहा. नोडल अधिकारी सहायक लेखाधिकारी ढीमरखेडा केशव प्रसाद परौहा एवं सहा.लेखाधिकारी बडवारा राजेन्द्र पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2022 का कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत नगर पालिक निगम महापौर, पार्षद, नगर पालिक परिषद एवं निगम परिषदों के पार्षद पद का निर्वाचन लडने वाले अम्यर्थियों को मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 14-क तथा धारा 14 ख एवं मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 32 -क तथा 32 ख के अनुसार अम्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय का दिन प्रतिदिन का व्यौरा रखना होगा। निर्वाचन व्यय का लेखा जिला निर्वाचन द्वारा गठित टीम को प्रस्तुत करना होगा। अगर किसी अभ्यर्थी द्वारा व्यय लेखा दाखिल करने मे असफ्ल होने के कारण धारा 14 ग एवं धारा 32 ग के अन्तर्गत निरर्हित किया जा सकेगा। ऐसा व्यौरा आयोग द्वारा निर्धारित रजिस्टर मे रखा जायेगा।

# जल्द करें मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का चयन

**कटनी।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पंचायतों तथा नगरीय निकायों के निर्वाचन के लिये तत्काल पृथक-पृथक मतगणना स्थल एवं अस्थाई स्ट्रांग रूम का चयन करें। उन्होंने कहा है कि चयनित स्थल में आवश्यक व्यवस्थाएँ कर आयोग को अवगत करायें। उल्लेखनीय है कि पंचायतों के निर्वाचन मतपेटी में मत डालकर तथा नगरीय निकायों के निर्वाचन ईव्हीएम के द्वारा कराये जायेंगे।

## मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के मुताबिक जिले मे प्रथम चरण मे 06 जुलाई को नगर पारिषद विजयराघवगढ व कैमोर मे मतदान होगा। जबकि द्धितीय चरण मे 13 जुलाई को नगर निगम कटनी और नगर परिषद बरही मे मतदान होगा। कटनी नगर निगम कटनी नगर निगम सहित तीनों नगर परिषद को मिलाकर कुल दो लाख 27 हजार 232 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर निर्वाचित जनप्रतिनिधि चुनेंगे। प्रथम चरण मे 06 जुलाई को नगर परिषद विजयराघवगढ में मतदान होगा। यहां 3503 पुरूष और 3432 महिला मतदाता है। जबकि नगर परिषद कैमोर मे 7968 पुरूष एवं 7709 महिला तथा एक अन्य श्रेणी का मतदाता है। नगर परिषद बरही मे 5712 पुरूष एवं 5519 महिला तथा नगर पालिक निगम कटनी सीमान्तर्गत 97444 पुरूष एवं 95935 सहित 9 अन्य मतदाता है।

# सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था के प्रयास भी निरंतर जारी







**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु रोजाना प्रातः कालीन सफाई अभियान चलाया जा जाकर नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। आगामी वर्षा ऋतु के पूर्व नगर के बडे एवं छोटे नाले नालियों से सुगम पानी की निकासी हेतु रोजाना अभियान चलाया जाकर नाले नालियों की अपशिष्ट की सफाई कराई जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के पारिपालन में निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा शनिवार प्रातः से लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित शंकरगढ बस्ती की नालियों सहित पन्ना मोड पेट्रोल पंप के पीछे टावर के पास स्थित नाली, गाटरघाट रोड मुख्य मार्ग एवं साहू धर्मशाला गली की विभिन्न नालियों, जालपा देवी वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, महात्मा गांधी वार्ड के विभिन्न स्थलों की नालियों, जगमोहन दास वार्ड स्थित संत नगर क्षेत्र, रघुनाथ गंज वार्ड पुलिस कोतवाली के सामनें स्थित मुख्य मार्ग के बडे नाले, फारेस्टर वार्ड स्थित रजक गली एवं दुर्गा मंदिर गली की नालियों की सफाई, गुरूनानक वार्ड स्थित स्टेशन रोड सम्राट होटल के सामने की नालियों, वंशस्वरूप वार्ड की विभिन्न गलियों, कावस जी वार्ड स्थित बारडोली कॉलेज के सामने एव दुर्गा मंदिर पाण्डेय मोहल्ला से नेन्सी स्कूल के पास तक तथा राजू गुप्ता के घर के सामने वाली नाली की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित रामकुमर स्कूल गली की नाली विवेकानंद वार्ड स्थित खेरमाई मंदिर के पीछे बस्ती तथा एम्बुलेंस रोड की नालियों की सफाई सहित नगर के अन्य स्थलों में नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य किया गया। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरे के संग्रहण कार्य के साथ ही उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न मुख्य मार्गो, कुठला मुख्य मार्ग, बस स्टैंड परिसर, चांडक चौक, नदी पार रचना नगर, गांधी गंज की विभिन्न गलियों, मिशन चौक, आजाद चौक से शेर चौक, नई बस्ती मुख्य मार्ग, रामजानकी हनुमान वार्ड मुख्य मार्ग, शिवाजी वार्ड की विभिन्न गलियों, अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर एवं मित्र विहार कॉलोनी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड मुख्य मार्ग से दुर्गा चौक मार्ग, प्रेम नगर तिलक कॉलेज रोड, रधुनाथ गंज वार्ड गोविंद देवी जी मंदिर के आसपास, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला क्षेत्र, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड बजरिया क्षेत्र, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं पीर बाबा डिवाइडर के सामने झाडू एवं कचरे का कार्य, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के विभिन्न स्थलों सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों मे झाडू का कार्य कराया जाकर संग्रहित कचरे को प्लांट भेजा गया।

# मारपीट के बाद गला दबाकर की गई थी वृद्धा की हत्या

## माधवनगर पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी गिरफ्तार



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के इमलिया रोड स्थित गांधी मार्केट में घर में अकेली वृद्ध महिला की गई नृशंस हत्या के मामले की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा करने आज दोपहर माधवनगर थाना में आयोजित पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया ने बताया कि गांधी मार्केट में किराए के कमरे में रहने वाली वृद्ध महिला कमला बाई की रक्तरंजित लाश 2 जून को बरामद की गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 302, 450, 456 का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अविनाश बजाज नामक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में अविनाश बजाज पुलिस को गोलमोल जबाब देकर गुमराह करता रहा लेकिन जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने उसे वृद्ध महिला की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

### बुरी नियत से घर में घुसा था आरोपी

एएसपी श्री केडिया ने बताया कि एनकेजे थाना अंतर्गत तिलक कॉलेज के पास इंद्रा आवास में निवास करने वाला 21 वर्षीय अविनाश पिता सुरेश बजाज 1-2 जून की दरम्यानीरात लगभग रात्रि 1 बजे मृतिका कमला बाई के घर बुरी नियत से घुसा था। अंदर घुसने के बाद अविनाश ने कमला बाई को हाथ घूसो से पीटा और इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने मृतिका कमला बाई के साथ बलात्कार भी किया। फिर मृतिका के कान के सोने की बाली तथा नाक की लौंग निकाल ने के साथ ही आलमारी मे रखे 1700 रूपए लेकर चंपत हो गया।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक गायत्री गुप्ता, एम.एल.करण, पंकज शुक्ला, नवीन नामदेव, प्रधान आरक्षक भुवनेश्वर बागरी, नीलेश दुबे, आरक्षक अविनाश चौहान, शिव कुमार पटेल, रविन्द्र दुबे, वीरेन्द्र दहायत, रामेश्वर सिंह, महिला आरक्षक राधिका शुक्ला, वाहन चालक आरक्षक ओम शिव तिवारी की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने वाली पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

# भाजपा- कांग्रेस में शुरू हुई प्रत्याशी चयन की कवायद

### दोनों ही दलों में जीतने लायक प्रत्याशियों के संबंध में लिया जा रहा फीडबैक




कटनी। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने का सिलसिला आगामी 11 जून से शुरू हो रहा है। इसके पहले दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों भाजपा और कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की कवायद तेज हो गई है। करीब सात साल बाद निकाय चुनाव हो रहे हैं, लिहाजा कांग्रेस और भाजपा द्वारा हर हाल में चुनाव जीतने की रणनीति पर काम किया जा रहा है।
खासकर महापौर पद के लिए दोनों ही दलों में योग्य उम्मीदवार की तलाश की जा रही है।

### कांग्रेसः पूर्व मंत्री ने की रायशुमारी

कांग्रेस में हलचल तेज हो गई है। शनिवार को पूर्व मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिले के चुनाव प्रभारी कमलेश्वर पटेल ने कटनी पहुंचकर महापौर एवं सभी 45 वार्डों में उम्मीदवार चयन के लिए रायशुमारी की। उन्होंने जिले के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा भी की। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम महापौर पद के लिए तीन नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। जिसमे श्रीमती आराधना जैन, श्रीमती स्वेता तिवारी एवं श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल का नाम प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा श्रीमती रजनी सोनी एवं हेमा शर्मा ने भी अपनी दावेदारी जताई है और बायोडाटा जमा किया है। पूर्व मंत्री श्री पटेल ने सभी से आवेदन लिए और उम्मीदवारों से बात भी की। चुनाव प्रभारी सभी से बायोडाटा लेकर भोपाल रवाना हो गए। अब महापौर एवं सभी 45 वार्डों में उम्मीदवार चयन के लिए अंतिम फैसला प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ही किया जाएगा।

### भाजपा में हुई वार्ड संयोजकों की बैठक

भारतीय जनता पार्टी भी निकाय चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में है। बड़े नेताओं की लगातार बैठकें हो रही हैं जिसमे चुनाव की रणनीति पर चर्चा हो रही है। एक दिन पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की मौजूदगी में कोर कमेटी की बैठक हो चुकी है। पता चला है कि इस बैठक में प्रत्याशी चयन से लेकर चुनावी रणनीति पर खास चर्चा की गई। कल भाजपा कार्यालय में संगठन प्रभारी संजय साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष ने वार्ड संयोजको की बैठक लेकर फीडबैक लिया। पता चला है कि जल्द ही वार्डों में पहुंचकर वार्ड प्रभारी बैठकें लेंगे और कार्यकर्ताओं को एक्टिव करेंगे। पार्टी ने हर पांच वार्ड में एक सैक्टर प्रभारी भी तैनात कर दिया है। सैक्टर प्रभारी से कहा गया है कि वे अपने प्रभार वाले वार्डों की हर गतिविधि पर नजर रखें। इनसे क्षेत्र के जातिगत समीकरण से लेकर अन्य स्थितियों पर भी नजर रखने को कहा गया है। गौरतलब है कि 11 जून से नॉमिनेशन होना है। पार्टी की कोशिश है कि इसके पहले पार्षद पद के प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दे दिया जाए।



# डीएसपी ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा

### सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कटनी।** जिले में पंचायत चुनाव के लिए प्रशासनिक व पुलिसिया तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारी जिले के संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। वहीं दूसरी तरह पुलिस भी ऐसे मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं को चिन्हित कर रही है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश पर गतदिवस उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते ने रीठी थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## मुंबई से इलाहाबाद की तक की यात्रा कर रहे यात्री की हार्टअटैक से मौत

# सफर में थम गया जिंदगी का सफर



**कटनी।** उदना-बनारस एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक यात्री की सांसे थम गई। यात्री अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुंबई से इलाहाबाद जा रहा था। इस बीच कटनी स्टेशन के पहले उसकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी ने ट्रेन के कटनी पहुंचने पर उसे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि उप स्टेशन प्रबंधक ने सूचना दी थी कि उदना बनारस एक्सप्रेस में एक यात्री की मौत हो गई। जिसके बाद जीआरपी टीम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पहुंची। ट्रेन के कटनी स्टेशन पहुंचने जीआरपी टीम ने यात्री के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। टीआई बलराम यादव ने बताया कि इलाहाबाद की पिपरकुंडी निवासी उदना-बनारस एक्सप्रेस के कोच नंबर डी के बर्थ नंबर 58, 59 पर कमला देवी अपने दो छोटे बच्चे और पति मुकेश कुमार के साथ यात्रा कर रही थी। वे लोग मुंबई से अपने घर लौट रहे थे। पति मजदूरी का कार्य करता है। इसी बीच सफर के दौरान मुकेश की सांसे थम गई।

### मदद के लिए आगें आए टीआई व समाजसेवी

पुलिस ने बताया कि महिला की आर्थिक स्थित अच्छी नहीं थी। जिसके कारण वह अपने पति की पार्थिव देह अपने घर ले जाने में असमर्थ थी। महिला की मदद की अपील सोशल मीडिया पर की गई। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, समाजसेवी सुशील मोटवानी व बाबी सचदेवा के द्वारा उसका आर्थिक रुप से सहयोग किया गया। जिसके बाद एंबुलेंस के माध्यम से यात्री के शव को उसके गांव भेजा गया है।

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

### बंगला लाइन में माधवनगर पुलिस की कार्रवाई

**कटनी।** पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य को लेकर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। चुनाव के पूर्व गुंडे, बदमाश, निगरानीशुटा व्यक्तियों की तलाश व धरपकड़ शुरू कर दी गई है। इसी तारतम्य में माधवनगर पुलिस ने बंगला लाइन क्षेत्र से एक युवक को दो देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।



माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक मुखबिरों से सूचना मिली कि एसीसी डेहरू लाइन शर्मा कालोनी निवासी 22 वर्षीय नवनीत पिता सुरेन्द्र नाहर नामक युवक बंगला लाइन क्षेत्र में देशी कट्टा लेकर दहशत फैला रहा है। बताया जाता है कि मुखबिरों से मिली सूचना की तस्दीक के लिए मौके पर पहुंची पुलिस को नवनीत मिल गया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आरोपी को गिरफ्तार करने में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक नवीन नामदेव, पंकज शुक्ला, गायत्री गुप्ता, आरक्षक शिवकुमार पटेल, रवीन्द्र पटेल, वीरेन्द्र दहायत, मुकेश की भूमिका रही।

# एक माह से लापता नाती की तलाश में भटक रही नानी

### एसपी से मदद की गुहार

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत पाठक कालोनी से विगत एक माह से लापता नाती की तलाश में वृद्ध नानी यहां-वहां भटक रही है। पुलिस ने गुमइंसान तो कायम कर लिया है लेकिन लापता की तलाश में रूचि नहीं ले रही है। वृद्ध नानी ने पुलिस अधीक्षक की ओर अपनी समस्या का ध्यान आकर्षित कराते हुए अपने लापता नाती की तलाश में मदद करने की मांग की है।



इस संबंध में पाठक कालोनी निवासी 66 वर्षीय वृद्ध महिला राधा शर्मा ने बताया कि उसका 29 वर्षीय नाती गोलू उर्फ हेमंत शर्मा विगत 2 मई की सुबह साढ़े 8 बजे के लगभग घर से बिना बताए निकला तो फिर वापस नहीं लौटा। पहले तो वृद्धा अपने नाती की तलाश अपने स्तर पर यहां वहां नात रिश्तेदारों के यहां करती रही लेकिन जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो इसकी सूचना एनकेजे पुलिस को दी। सूचना पर एनकेजे पुलिस ने गुमइंसान तो कायम किया लेकिन इसके बाद वह मामले को संभवतः भूल गई। जिसका परिणाम है कि आज एक माह बाद भी लापता हेमंत का कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। उधर अपने नाती की तलाश में वृद्ध नानी यहां-वहां भटक रही है। वृद्धा ने एसपी से नाती की तलाश में मदद की गुहार लगाई है।

# मुड़वारा रेल्वे स्टेशन में यात्री सुविधाओं की मांग

**कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के मुड़वारा रेल्वे स्टेशन में अनेक यात्री सुविधाओं का अभाव होने की वजह से रेल यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में ध्यान देते हुए डीआरयूसीसी के सदस्य मारूफ अहमद हनफी ने रेल मंत्री एवं महाप्रबंधक को पत्र लिखकर मांग की है कि स्टेशन में कम से कम 2 इलेक्ट्रानिक लिफ्ट, सभी प्लेटफार्म में रैम्प तथा स्वचलित स्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ये सुविधाएं उपलब्ध होने से विकलांगों, बुजुर्ग और सीनियर सिटीजन को रेल यात्रा में सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि इस स्टेशन से अनेक गाड़ियां गुजरती हैं।

KINETIC GREEN
कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी
सोचो स्मार्ट, खरीदो सफर स्मार्ट
लिथियम- इऑन बैट्री
03 घंटे में पूर्णतः चार्ज
चढ़ाई के लिए जादुई गियर
सवारी एवं ड्राइवर हेतु आरामदायक बैठक
90 कि.मी. प्रतिचार्ज
03 साल की वारंटी के साथ
03 घंटे में पूर्णतः चार्ज
500 किलो लोडिंग कैपेसिटी
अधिकृत विक्रेता
कार्तिक मोटर्स
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550,
मो. 9993299677, 9893435177

रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
गार्डन मात्र 51000/-

PRE. REGISTRATION साांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध


| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318




यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेसन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)